स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI**
**DIRECTORATE OF EDUCATION: SCHOOL BRANCH**
**OLD SECRETARIAT: DELHI-110054.**

No. DE.23 (607)/Sch.Br./2015/1004 Dated:- 30-7-2015

# CIRCULAR

**Sub: Sanskrit Competitions organized by Delhi Sanskrit Academy.**

Please find enclosed a letter received from Delhi Sanskrit Academy, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi dated 16-07-2015 regarding various Sanskrit Competitions to be held from 3rd August, 2015.

This is for information and necessary action for all Heads of Schools under GNCT Delhi.

This issues with the prior approval of Competent Authority.

30/7/15
(Usha Rani)
DDE (School)

**Encl: As above**

**All Heads of Govt/Govt.Aided/Unaided Recognized Schools through DEL-E**

No. DE.23 (607)/Sch.Br./2015/1004 Dated:- 30-07-2015

Copy to:-

1. PS to Secretary (Education).
2. PS to Director (Education)
3. All RDEs/ DDEs (District/Zone)/DEOs for necessary action.
4. OS (IT) to please paste it on the website.
5. Guard File.

28/7/15
(Tapeshwar)
DEO (School)

दिल्ली संस्कृत अकादमी
(राष्ट्रि जधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
प्लाट नं० 5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली–110005

पावका नः सरस्वती

DELHI SANSKRIT ACADEMY
(Government of N.C.T of Delhi)
Plot No. -5, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi-110005
दूरभाष /Phone: 23681835 / 23635592
ई–मेल /E-mail : delhisanskritacademy@gmail.com

पत्रसंख्या– ~~एफ 3 (14) / दि.सं.अ.~~ / 2015–2016 / 700

दिनांक: 16/7/15

सेवा में,

अतिरिक्त निदेशक (विद्यालय)

पुराना सचिवालय,

दिल्ली –54

विषयः– **वर्ष 2015–2016 में आयोजित की जाने वाली संस्कृत मण्डलीय प्रतियोगिताओं सम्बन्धी सूचना को शिक्षा निदेशालय की वेवसाईड पर अपलोड करने के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

सादर निवेदन है कि दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा छः दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिताएँ वर्ष 2015–2016 में भी आयोजित की जा रही हैं। जोकि दिल्ली के सभी मण्डलों में संलग्न पत्र के अनुसार आयोजित की जायेंगी ।

इस सूचना को दिल्ली शिक्षा निदेशालय की वेबसाईड पर अपलोड करने की कृपा करें जिससे दिल्ली के सभी विद्यालयों को यह सूचना समय से पहुँच सके ।

आदर सहित

1355/Addl DE/Sch
17/7/15

भवदीय

(डॉ० जीतराम भट्ट)

सचिव

DDE (Sch)

Mr. Vijay Chawla.
Pl. put up
21/7/15

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार
प्लाट नं 5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली –5

**आवश्यक सूचना**

**वर्ष 2015–2016 की मण्डलस्तरीय अन्तर्विद्यालयीय संस्कृत– प्रतियोगिताओं का विवरण**

दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी दिल्ली स्थित राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, और नई दिल्ली नगर पालिका के छात्र/छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोक संगीत,श्लोकोच्चारण, संस्कृत –काव्यालि, संस्कृत वाद–विवाद, संस्कृत भाषण तथा एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिताएँ निम्नलिखित विवरणानुसार दिल्ली शिक्षा निदेशालय के सभी मण्डलों में दिये गये विद्यालयों में आयोजित की जायेंगी । इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यालय से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिताओं के नियम, तिथि, समय, प्रपत्रादि के सम्बन्ध में जानकारी अपने मण्डल के सम्बन्धित मण्डलीय संयोजक से सम्पर्क करें या अकादमी की website **www.sanskritacademy.delhi.govt.in** से डाउनलोड कर सकते हैं ।

| क.सं. | मण्डल | संयोजक | दूरभाष | प्रतियोगिता तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिम बी | श्रीमती सीमा शर्मा<br>प्रधानाचार्या,<br>राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय<br>एस.पी. रोड नांगलोई दिल्ली –41 | 25477140<br>8587075577 | 03.08.2015 से<br>10.08.2015 तक |
| 2. | दक्षिण | श्रीमती सरोज खुराना<br>प्रधानाचार्य,<br>गार्गी सर्वोदय कन्या विद्यालय<br>ग्रीन पार्क, एक्सटैंशन नई दिल्ली–16 | 26560737<br>9817015839 | 17.08.2015 से<br>22.08.2015 तक |
| 3. | उत्तर पश्चिम बी | डॉ0 वीरेन्द्र प्रसाद शास्त्री<br>प्रधानाचार्य,<br>सर्वोदय बाल विद्यालय पूंठ कला<br>दिल्ली –86 | 25472351<br>9868253994 | 20.08.2015 से<br>26.08.2015 तक |
| 4. | उत्तर पूर्व | डॉ0 समरभानु<br>प्रधानाचार्य,<br>राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय<br>(गांधी मैमोरियल) शाहदरा दिल्ली –32 | 22323668<br>9868835283 | 21.08.2015 से<br>27.08.2015 तक |
| 5. | दक्षिण पूर्व | श्रीमती पूनम आनन्द<br>उप प्रधानाचार्य,<br>राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय<br>लाजपत नगर नई दिल्ली –24 | 29810141<br>9811343177 | 24.08.2015 से<br>31.08.2015 तक |
| 6. | उत्तर | श्री यतीन्द्र कुमार शर्मा<br>प्रधानाचार्य,<br>शहीद भाई बाल मुकुन्द सर्वोदय विद्यालय<br>शंकराचार्य मार्ग दिल्ली–54 | 23972122<br>9868263742 | 28.08.2015 से<br>04.09.2015 तक |
| 7. | पश्चिम ए | श्रीमती नीती तिवारी<br>उप प्रधानाचार्य,<br>सर्वोदय कन्या विद्यालय विकासपुरी<br>(डी.सी.) नई दिल्ली –58 | 25996121<br>9810226208 | 01.09.2015 से<br>08.09.2015 |
| 8. | उत्तर पश्चिम ए | श्रीमती चन्द्र प्रभा<br>प्रधानाचार्या,<br>सर्वोदय कन्या विद्यालय<br>बी, (ए–एच) ब्लांक, शालीमार बाग दिल्ली–88 | 27489964<br>9811833325 | 07.09.2015 से<br>14.09.2015 तक |
| 9. | *दक्षिण –पश्चिम (बी)* | *श्री टी.पी. सिंह*<br>*प्रधानाचार्य,*<br>*राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय*<br>*सैक्टर –10, द्वारका नई दिल्ली–75* | *25086911*<br>*9891177732* | *05.10.2015 से*<br>*10.10.2015 तक* |
| 10. | मध्य | श्री सुखवीर सिंह<br>प्रधानाचार्य,<br>सर्वोदय बाल विद्यालय प्लाट नं.6,<br>झण्डेवालान, करोलबाग नई दिल्ली–5 | 23625603<br>9910139678 | 16.11.2015 से<br>21.11.2015 तक |
| 11. | पूर्व | श्रीमती नन्दा<br>उप प्रधानाचार्य,<br>सर्वोदय कन्या विद्यालय शंकर नगर<br>(गांधी नगर) दिल्ली –31 | 22421394<br>9868289534 | 02.11.2015 से<br>07.11.2015 तक |
| *12.* | दक्षिण – पश्चिम (ए) | श्री डी.के. शास्त्री<br>प्रधानाचार्य,<br>सर्वोदय बाल विद्यालय,<br>डी –ब्लांक, जनकपुरी नई दिल्ली –58 | 9311650826<br>9818331696 | 16.11.2015 से<br>21.11.2015 तक |
| *13* | *नई दिल्ली* | *प्रधानाचार्य,*<br>*रघुमल आर्य कन्या उ0मा0 विद्यालय*<br>*राजा बाजार कनाट प्लेस*<br>*नई दिल्ली –110001* | *23362250*<br>*9891435130* | *01.12.2015 से*<br>*07.12.2015 तक* |

ह0/–
(डॉ0 जीतराम भट्ट)
सचिव

# दिल्ली संस्कृत अकादमी

## (दिल्ली सरकार)

प्लाट नं0 5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली–110005
दूरभाष सं. 23635592, 23681835, 23555676, 9818484714,
E-mail:- delhisanskritacademy@gmail.com
Web : - www.sanskritacademy.delhi.govt.in

## विद्यालयस्तरीय संस्कृत-प्रतियोगिता (२०१५-२०१६)

### प्रतियोगिता की नियमावली एवं विवरणिका

### संस्कृत-श्लोक-संगीत-प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय-स्तरीय)

1. यह प्रतियोगिता केवल छात्राओं के लिए है।
2. प्रत्येक प्रतियोगी विद्यालय से 6 (छः) छात्राएँ निर्धारित श्लोकों को कण्ठस्थ कर सामूहिक रूप से गायन करेंगी। छः से कम या अधिक प्रतियोगी छात्राओं का दल मान्य नहीं होगा। वाद्य–यन्त्र वादक अतिरिक्त होंगे।
3. प्रतियोगी छात्राएँ केवल सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेद कमीज–सलवार, सफेद कमीज–स्कर्ट धारण कर ही सम्मिलित होंगी।
4. प्रस्तुति के लिए अधिकाधिक 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
5. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार रु.3000/–, द्वितीय पुरस्कार रु.2400/–, तृतीय पुरस्कार रु.1800/–, चतुर्थ पुरस्कार रु.1200/–, 6 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु.900/– और 4 सान्त्वना पुरस्कार प्रत्येक रु.600/–।
6. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्राओं को ही प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे तथा प्रथम चार विजेता विद्यालयों को अकादमी द्वारा प्रकाशित या अन्य संस्कृत–साहित्य भी दिया जायेगा।
7. वाद्य–यन्त्रों में हारमोनियम, तबला अथवा ढोलक का प्रयोग मान्य है। अन्य वाद्य–यन्त्र सर्वथा वर्जित होंगे। किसी भी स्थिति में अन्य वाद्य–यन्त्रों का प्रयोग स्वीकार्य नहीं होगा।
8. श्लोक संगीत प्रतियोगिता में स्वर, लय, प्रस्तुतीकरण, शुद्धोच्चारण एवं कण्ठस्थीकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए 50 अंक निर्धारित होंगे।
9. गायन के लिए अधोलिखित श्लोकों का चयन किया गया है, जिनकी मुद्रित प्रतियाँ प्रतियोगिता–संयोजकों के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध करायी जायेंगी। श्लोकों का कण्ठस्थ होना आवश्यक है।

### श्लोक-संगीत-प्रतियोगिता हेतु चयनित पद्य (वर्ष २०१५-२०१६)

जयति जगति भारतीयोत्तमा सभ्यता शाश्वती,
विलसति भुवि भारताभामयी संस्कृतेर्भास्वती।
प्रभवति हि विचक्षणा सात्त्विकी भारतीसन्ततिः,
जयतु जयतु संस्कृतं शाश्वतं वर्धतां भारती।। 1।।

दिशति सततमृग्यजुस्सामवेदान्नथर्वश्रुतीः,
प्रथयति सुपथः श्रुतेः विश्रुतान् संसृतौ संस्कृतान्।
प्रसरति भुवि वैदिकी ज्ञानविज्ञानसारस्वती,
जयतु जयतु भारतं शाश्वतं वर्धतां भारती।। 2।।

अवगमयति तात्त्विकं ब्रह्मशास्त्राधृतं वाङ्मयं,
उपदिशति हि तत्त्वमारण्यकानां भुवौ पावनम्।
सततमुपनिषत्स्वरं घोषयत्यत्र वै व्याहृतिः।
जयतु जयतु संस्कृतं शाश्वतं वर्धतां भारती।। 3।।

अवतरति विभिन्नशास्त्रेषु विद्यास्वरूपे सदा
नियमयति हि मानवाचारनीतिं तथा संहिताम्।
वहति जगति सूत्रवेदाङ्गसाहित्यभागीरथी,
जयतु जयतु संस्कृतं शाश्वतं वर्धतां भारती।। 4।।

प्रथयति मुनिपाणिनीयानि सूत्राणि भूमण्डले,
कविकुलगुरुकालिदासस्य शाकुन्तलं नाटकम्।
विहरति भुवि भारतीया मनीषा–प्रतिष्ठावती,
जयतु जयतु संस्कृतं शाश्वतं वर्धतां भारती।। 5।।

—डॉ. जीतराम भट्टः

## संस्कृत-श्लोकोच्च्चारण-प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय-स्तरीय)

1. यह प्रतियोगिता केवल छात्रों के लिए है।
2. प्रत्येक प्रतियोगी विद्यालय से 6 (छः) छात्रों का भाग लेना आवश्यक है। छः से कम या अधिक प्रतियोगी छात्रों का दल मान्य नहीं होगा। प्रस्तुति के लिए अधिकाधिक 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार रु.3000/–, द्वितीय पुरस्कार रु.2400/–, तृतीय पुरस्कार रु.1800/–, चतुर्थ पुरस्कार रु.1200/– 6 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु.900/–और 4 सान्त्वना पुरस्कार प्रत्येक रु.600/–।
4. श्लोकोच्चारण–प्रतियोगिता में वाद्य–यन्त्रों का प्रयोग सर्वथा वर्जित है।
5. श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में स्वर, लय, प्रस्तुतीकरण, शुद्धोच्चारण एवं कण्ठस्थीकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए 50 अंक निर्धारित होंगे।
6. इस प्रतियोगिता में केवल सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेद पैंट–कमीज धारण कर ही प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।
7. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्रों को ही प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे तथा प्रथम चार विजेता विद्यालयों को अकादमी द्वारा प्रकाशित या अन्य संस्कृत–साहित्य भी दिया जायेगा।
8. प्रतियोगिता के लिए अधोलिखित चयनित श्लोकों के पत्रक अकादमी द्वारा संयोजकों के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध कराये जायेंगे। श्लोकों का कण्ठस्थ होना आवश्यक है।

## श्लोकोच्चारण-प्रतियोगिता हेतु चयनित पद्य (वर्ष २०१५-२०१६)

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः।।1।।

न कोकिलानामिव मञ्जु कूजितं न लब्धलास्यानि गतानि हंसवत्।
न बर्हिणानामिव चित्रपक्षता गुणस्तथाप्यस्ति बके बकव्रतम्।।2।।

मनीषिणः सन्ति न ते हितैषिणः हितैषिणः सन्ति न ते मनीषिणः।
सुहृच्च विद्वानपि दुर्लभो नृणाम् यथौषधं स्वादु हितं च दुर्लभम्।।3।।

साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुःपुच्छविषाणहीनः ।
तृणं न खादन्नपि जीवमानस्तद्भागधेयं परमं पशूनाम् ।।4।।

भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्‌गमैः नवाम्बुभिर्भूरिविलम्बिनो घनाः।
अन्नुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्।।5।।

येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।6।।

**(सुभाषितानि)**

## संस्कृत-काव्यालि-प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय-स्तरीय)

1. प्रत्येक प्रतियोगी विद्यालय से 6(छः) छात्र–छात्राओं का दल मान्य होगा। छः से कम या अधिक प्रतियोगी छात्र–छात्राओं का दल मान्य नहीं होगा। वादक उनके अतिरिक्त होंगे।
2. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र/छात्राएं केवल सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेद पैंट–कमीज/सफेद कमीज–स्कर्ट धारण कर ही सम्मिलित होंगे। टोपी, जैकेट एवं रंगीन दुपट्टे आदि का प्रयोग पूर्णरूप से वर्जित होगा।
3. वाद्य–यन्त्रों में हारमोनियम, तबला अथवा ढोलक का प्रयोग मान्य होगा। अन्य वाद्य–यन्त्र सर्वथा वर्जित होंगे।
4. काव्यालि का समय अधिक से अधिक 8 से 10 मिनट होगा। पूर्णांक 50 होंगे।
5. काव्यालि में स्वर, लय, प्रस्तुतीकरण, शुद्धोच्चारण एवं कण्ठस्थीकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
6. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार रु.3000/–, द्वितीय पुरस्काररु. 2400/–, तृतीय पुरस्कार रु.1800/–, चतुर्थ पुरस्कार रु.1200/–, 6प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु. 900/– और 4 सान्त्वना पुरस्कार प्रत्येक रु.600/–।
7. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र/छात्राओं को ही प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे तथा प्रथम चार विजेता विद्यालयों को अकादमी द्वारा प्रकाशित या अन्य संस्कृत–साहित्य भी दिया जायेगा।
8. प्रतियोगिता के लिए अधोलिखित श्लोकों का चयन किया गया है, जिनकी मुद्रित प्रतियाँ प्रतियोगिता–संयोजकों के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध करायी जायेंगी। श्लोकों का कण्ठस्थ होना आवश्यक है।

## काव्याली-प्रतियोगिता हेतु चयनित पद्य (वर्ष २०१५-२०१६)

### –द्वादशात्मकाक्षर–स्रग्विणी–छन्दसा–

चञ्चले जीवने सात्विकी भावना, कायिकी वाचिकी मानसी साधना।
मामकी कामना राष्ट्रसेवापरा, देशसेवामयी मे भवेद् भावना।।

भारतीया मही निर्जरैः सेविता, लालिता पूजिता देशभक्तैः सदा।
रक्षिता प्राणदानैः सुपुत्रैः प्रिया, ताम्प्रति स्यात्प्रतिष्ठामयी भावना।।

एकतापोषिका मानवे सुस्थिरा, शान्तिबीजाङ्कुरा द्रोहमोहापहा।
ज्ञानगङ्गामयी मोक्षदा मङ्गला, भूतले स्यात्पवित्रा सुधा भावना।

बालहिंसामयी जीवहिंसामयी, दीर्घतृष्णामयी द्रोहबीजाङ्कुरा।
नृत्यति दृष्टिभीतिप्रदा कुत्सिता, सर्वतः क्लेशदा दानवी भावना।।

पालिताः क्रोडतल्पे मदीयाः सुता, वीरमेधाविनो शेषरूपंधरा।
पीडिता स्यात्कथं नाकतुल्या धरा, ताम्प्रति स्यात्प्रतिष्ठामयी भावना।।

सज्जनाः सत्यमार्गे सदा निर्भया, रक्षिताः पूजिताः कन्यकाः स्युः सदा।
छात्रवृन्दे प्रसन्ना भवेच्छारदा, वर्द्धतां माधुरी मानुषी भावना।।

**(पं. रामानुग्रहशर्मा)**

## संस्कृत वाद–विवाद–प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय स्तरीय)

1. इस प्रतियोगिता में प्रस्तुत विषय पर पक्ष–विपक्ष के रूप में प्रत्येक विद्यालय से दो छात्र/छात्राओं का एक दल ही भाग ले सकता है।
2. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी केवल सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेद पैंट–कमीज/सफेद सलवार–कमीज, सफेद कमीज–स्कर्ट धारण कर ही सम्मिलित होंगे।
3. वाद–विवाद का विषय **''राष्ट्रविकासाय संस्कृत शिक्षा आवश्यकी अस्ति न वा ?''** होगा।
4. पूर्णांक50 तथा अवधि पक्ष–विपक्ष के लिए 5–5 मिनट होगी।
5. विषय–प्रस्तुतीकरण संस्कृत–भाषा में ही होगा। प्रतियोगिता में भाव, भाषा, शुद्धोच्चारण, कण्ठस्थीकरण एवं विषयवस्तु पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
6. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार रु.2200/–, द्वितीय पुरस्कार रु.1800/–, तृतीय पुरस्कार रु.1400/–, चतुर्थ पुरस्कार रु.1000/–, पंचम पुरस्कार रु.800/–, 5 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु.400/–।
7. यह पुरस्कार व्यक्ति विशेष को न देकर दल को प्रदान किये जायेंगे।
8. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र/छात्राओं को ही प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे तथा प्रथम पाँच विजेता विद्यालयों को अकादमी द्वारा प्रकाशित या अन्य संस्कृत–साहित्य भी दिया जायेगा।

## संस्कृत–भाषण–प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय स्तरीय)

1. प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र/छात्रा सम्मिलित हो सकता/सकती है।
2. भाषण का विषय **''समाजस्य निर्माणे विद्यालयानां भूमिका''** होगा।
3. भाषण की अवधि 5 मिनट होगी, पूर्णांक 50 होंगे तथा भाषा संस्कृत ही होगी। भाषण में भाव, भाषा, शुद्धोच्चारण, कण्ठस्थीकरण एवं विषयवस्तु पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
4. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी केवल सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेद पैंट–कमीज/सफेद अथवा सफेद कमीज–स्कर्ट धारण कर ही सम्मिलित होंगे।
5. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार रु.1200/–, द्वितीय पुरस्कार रु. 1000/–, तृतीय पुरस्कार रु. 800/–, चतुर्थ पुरस्कार रु. 600/–, पंचम पुरस्कार रु. 500/– तथा 10 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु. 300/–।
6. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र/छात्राओं तथा को ही प्रमाण–पत्र तथा प्रथम पाँच विजेताओं को अकादमी द्वारा प्रकाशित अथवा अन्य संस्कृत–साहित्य प्रदान किया जायेगा।

## एकल–श्लोक–संगीत–प्रतियोगिता के नियम (विद्यालय–स्तरीय)

1. इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र/छात्रा सम्मिलित हो सकता/सकती है।
2. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र/छात्रा प्राचीन अथवा वर्तमान साहित्य के किसी भी भाग से श्लोकों को प्रस्तुत कर सकता/सकती है लेकिन ये श्लोक अश्लील, अमर्यादित एवं राष्ट्र–विरोधी नहीं होने चाहिए।
3. प्रतिभागी को प्रस्तुति के लिए 5 मिनट का समय दिया जायेगा।
4. स्वयं प्रतिभागी निर्धारित वाद्य–यन्त्रों में हारमोनियम व तबला अथवा ढोलक का भी प्रयोग कर सकता/सकती है। प्रतियोगिता में स्वर, लय, प्रस्तुतीकरण, शुद्धोच्चारण एवं कण्ठस्थीकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। पूर्णांक 50 होंगे। किसी दूसरे व्यक्ति से वाद्य–यन्त्र नहीं बजवाया जा सकता।

5. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी केवल सफेद कुर्ता–पाजामा / सफेद पैंट–कमीज / सफेद कमीज–स्कर्ट धारण कर ही सम्मिलित होंगे।
6. इस एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता में वर्ष 2015–2016 की संस्कृत प्रतियोगिताओं के लिये काव्यालि, श्लोक संगीत एवं श्लोकोच्चारण हेतु चयनित पद्यों की प्रस्तुति सर्वथा अमान्य होगी।
7. इस प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर निम्न पुरस्कार होंगे । प्रथम पुरस्कार रु. 1200/–, द्वितीय पुरस्कार रु. 1000/–, तृतीय पुरस्कार रु. 800/–, चतुर्थ पुरस्कार रु. 600/–, पंचम पुरस्कार रु. 500/– तथा 10 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रत्येक रु. 300/–।
8. इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र/छात्रा को प्रमाण–पत्र तथा प्रथम पाँच विजेताओं को अकादमी द्वारा प्रकाशित अथवा अन्य संस्कृत–साहित्य प्रदान किया जायेगा।

## सामान्य निर्देश

1. दिल्ली के राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त (पब्लिक स्कूल), केन्द्रीय एवं नगरपालिका–विद्यालयों की कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र/छात्राएँ उक्त प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।
2. एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।
3. सहशिक्षा विद्यालयों से श्लोकोच्चारण में बालक तथा श्लोक संगीत प्रतियोगिता में बालिकाएँ भाग ले सकती हैं।
4. सभी प्रतियोगिताओं में यथोचित निर्धारित वेशभूषा (सफेद कुर्ता–पाजामा/सफेदपैंट–कमीज/सफेद –स्कर्ट कमीज) ही धारण कर छात्र/छात्राएँ सम्मिलित हों। निर्धारित वेशभूषा के अतिरिक्त विद्यालयीय वेशभूषा तथा अन्य वेशभूषा सर्वथा वर्जित होगी। निर्धारित वेशभूषा पहनने पर भी यदि किसी भी प्रकार का विद्यालय–संकेत (बैल्ट, बैज, लोगो आदि) धारण किया जाता है तो उसे प्रतियोगिता के नियम का उल्लंघन ही माना जायेगा।
5. प्रतियोगिता के निर्धारित समय पर प्रतियोगिता स्थल पर प्रतिभागी विद्यालय पहुँचने का कष्ट करें। जिससे मण्डलीय संयोजक को असुविधा न हो।
6. यदि किसी प्रतियोगिता में किसी स्थान पर (प्रोत्साहन और सान्त्वना के अतिरिक्त) समान अंक में दो या तीन प्रतिभागी आते हैं तो प्रत्येक विजेता प्रतिभागी को उस स्थान का निर्धारित पूर्ण पुरस्कार प्रदान की जायेगी। न कि एक पुरस्कार राशि का विभाजन किया जायेगा। संस्कृत–साहित्य आदि भी पृथक्–पृथक् दिये जायेंगे।
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। इसे किसी भी स्थिति में चुनौती नहीं दी जा सकती है।
8. श्लोक संगीत, श्लोकोच्चारण और काव्यालिं–प्रतियोगिता में प्रथम चार विजेता दल एवं वाद–विवाद, भाषण और एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिताओं में प्रथम पाँच विजेता दल को पुरस्कार राशि के अतिरिक्त संस्कृत–साहित्य दिया जायेगा और पुरस्कृत छात्र/छात्राओं को ही प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेंगे।
9. सभी मण्डलीय संयोजकों से निवेदन है कि अपने मण्डल के सभी विद्यालयों को अवश्य सूचित करने का कष्ट करें।
10. इस प्रतियोगिता–नियमावली के साथ संलग्न 'संस्कृत प्रतियोगिता प्रविष्टि–पत्र' की छाया–प्रति को प्रविष्टि पत्र के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है।

**नोटः–** केन्द्रीय स्तर पर प्रत्येक मण्डल से एक संस्कृत–नाटक के मंचन का प्रस्ताव है। नाटक की प्रस्तुति की अवधि 45 मिनट रखी गयी है। नाटक– मंचन में होने वाले व्यय का वहन अकादमी करेगी। जो विद्यालय नाटक प्रस्तुत करना चाहते हैं वे अपने मण्डल की प्रतियोगिताएँ समाप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर नाटक की विषयवस्तु के साथ अपने मण्डल–संयोजक के माध्यम से या सीधे अकादमी से सम्पर्क करें।

डॉ. जीतराम भट्ट
सचिव
दिल्ली संस्कृत अकादमी,
दिल्ली सरकार

# दिल्ली संस्कृत अकादमी

(दिल्ली सरकार)
प्लाट नं0 5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली–110005
दूरभाष सं. 23635592, 23681835, 23555676, 9818484714,
E-mail:- delhisanskritacademy@gmail.com
Web : - www.sanskritacademy.delhi.govt.in

## संस्कृत–प्रतियोगिता–प्रविष्टि–पत्र ( २०१५–२०१६)

कृपया इस प्रपत्र को स्वच्छ अक्षरों में हिन्दी में ही भरें

1. प्रतियोगिता का नाम :– ........................................
2. विद्यालय का नाम एवं पूरा पता पिन कोड सहित :– ........................................
   ........................................ पिन कोड :–....................
3. प्रतिनिधि अध्यापक/अध्यापिका का नाम एवं पदनाम :– ........................................
4. दूरभाष :– कार्यालय.................................... मोबाईल नं. :– ........................................
   ई.मेल :– ........................................
   निवास :– ........................................
5. प्रतिभागी छात्र/छात्राओं का विवरण :–

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | घर का पता | मोबाईल नं. तथा ई.मेल |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |

दिनांक :–........................

विद्यालय–प्रमुख के हस्ताक्षर
विद्यालय की मोहर

नोट :– यह प्रविष्टि पत्र भरकर प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए निश्चित दिन मण्डल–संयोजक को भर कर दिया जायेगा। यही प्रपत्र उक्त शिक्षक/शिक्षिका जिन्होंने संस्कृत प्रतियोगिता के लिये छात्र/छात्राओं को तैयार किया है उन्हे संस्कृत समाराधक सम्मान हेतु चयनित किया जायेंगा अलग से फार्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी ।

# दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार,

## अंकतालिका निर्णायक प्रपत्र वर्ष २०१५–२०१६

मण्डल :– .............................................................. दिनांक :–..................................

प्रतियोगिता :–

श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( ) एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( )

श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता ( ) संस्कृत भाषण प्रतियोगिता ( )

काव्यालि प्रतियोगिता ( ) संस्कृत वाद–विवाद प्रतियोगिता ( )

स्थान :– ..................................................................................................................................................

| क्र.सं. | कोड सं0 | प्रस्तुतीकरण / विषयवस्तु 10 | कण्ठस्थीकरण 10 | शुद्धोच्चारण 10 | स्वर / भाव 10 | लय / भाषा 10 | योग 50 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

हस्ताक्षर 1. निर्णायक :– ......................................

2. निर्णायक :– ......................................

# दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार
## निर्णायक प्रपत्र २०१५-२०१६

मण्डल :– ................................................ स्थान :– ....................................

प्रतियोगिता :– ........................................ दिनांक :– ..................................

| क्र.सं. | कोड सं. | निर्णायक–1 | निर्णायक–2 | योग | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

हस्ताक्षर निर्णायक 1..................................

2............................

# दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार

मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राषि प्राप्ति रसीद वर्ष २०१५-२०१६

मण्डल :–.................................. जोन सं :–..................................

प्रतियोगिता स्थल :– ..................................................................................................................

श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( )
श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता ( )
काव्यालि प्रतियोगिता ( )

वाद–विवाद प्रतियोगिता ( )
एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( )
भाषण प्रतियोगिता ( )

| क्र.सं. | छात्र/छात्राओं के नाम | विद्यालय का नाम एवं पूरा पता पिनकोड सहित | प्राप्त स्थान | पुरस्कार राषि | प्रतिभागी छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

दिनांक :– ..............................................

अकादमी के कर्मचारी एवं अधिकारी हस्ताक्षर

प्रभारी शिक्षक /शिक्षिका के हस्ताक्षर.

संयोजक/संयोजिका
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर